# अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में घोड़े खरीदने के लिए व्यापारी आने लगे

## यह घोड़े लग्जरी गाड़ियों से भी महंगे हैं, घोड़े का शौक लोगों को ऐसा लगा है कि एक-एक घोड़े पर कई नौकर प्रतिदिन उनकी सेवा में लगे हुए हैं

**पुष्कर,** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में लगातार घोड़े का बाजार बढ़ता जा रहा है घोड़े खरीदने के लिए व्यापारी आने लगे हैं। यह घोड़े लग्जरी गाड़ियों से भी महंगे हैं। घोड़े का शौक लोगों को ऐसा लगा है कि एक-एक घोड़े पर चार चार पांच पास नौकर प्रतिदिन उनके सेवा में लगे हुए हैं। पुष्कर के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कई नस्ल के घोड़े पहुंचे हैं और इन घोड़े का प्रदर्शन अलग-अलग तरह से किया जा रहा है आलीशान घोड़े को आलीशान टेंट और सुंदर एनवायरमेंट में रखा जा रहा है।

नागौर जिले के रोहिणा गांव से पहुंची दो घोड़िया सभी लोगों का मन मोह रही है और घोड़ियों को खरीदने के लिए 50 से 70 लाख तक लग चुके हैं। घोड़ियों के मालिक बताते हैं कि फिलहाल इन्हें और बड़ा किया जाएगा उसके बाद ही बेचा जाएगा क्योंकि अभी यह दोनों घोड़िया मात्र 23 महीने की है। दोनों ही अश्व राजस्थान के प्रसिद्ध घोड़े अमोलक के परिवार से है जिसका नाम रुद्राणी है। इसके अलावा रानी जिंदा




पुष्कर मेले में लग्जरी कारों से महंगी घोड़ियां आई हुई हैं।

जो कि घोड़े के नाम से बहुत फेमस है उसकी पुत्री है वह भी पुष्कर मेले में आई है। उसका नाम है मस्तानी, यह दोनों ही घोड़ियां लगातार सभी का मन जीतती नजर आ रही है। दोनों की ऊंचाई 65 इंचहै। रोहिना के रहने वाले नारायण सिंह घोड़ा घोड़ियों को भगवान सूर्य का परिवार मानते हैं।

नारायण सिंह बताते हैं कि राजकुमार से भी ज्यादा इनका ख्याल रखा जाता है। घोड़े घोड़ियों के लिए उन्होंने 40 गाय देसी पाल रखी है, जिनका दूध उनके परिवार और केवल घोड़े घोड़ियों के लिए ही काम आता है कुछ महीनो तक इन्हें काजू बादाम खिलाया जाता है। उसके बाद खान-पान को चेंज किया जाता है जिसमें मूंगफली के छिलके सोयाबीन और कई प्रकार से पौष्टिक वस्तु दी जाती है। घोड़े को खरीदने के लिए हर बार बॉलीवुड स्टार सलमान खान रिलायंस अजय जडेजा, यूसुफ पठान की ओर से उनके मैनेजर कई बड़ी हस्तियां, बड़े राजघराने एवं पुलिस सेना से जुड़े कई लोग घोड़े लेने आते है। इस व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए कई फॉर्म पुष्कर मेले में आए हुए हैं। पशुपालन विभाग एवं आरटीडीसी की ओर से अश्व के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। घोड़े को खरीदने में राजस्थान गुजरात पंजाब हरियाणा, महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश, सहित कई राज्यों के लोग व्यापारी आए हुए हैं।

15 दिन तक पुष्कर का अंतर्राष्ट्रीय मेला चलता है। इस बीच ही धार्मिक मेला भी लगता है जिसमें लाखों लोग पवित्र पुष्कर सरोवर में स्नान पूजा अर्चना करके पुण्य कमाते हैं। राज्य सरकार जिला प्रशासन एवं आरटीडीसी राजस्थान की ओर से मेले में माकूल व्यवस्था की जाती है। करोड़ों रुपए का व्यापार इस पुष्कर मेले में होता है।

# निजी स्कूल की बस अनियंत्रित होकर पलटी, एक दर्जन विद्यार्थी घायल



हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

- बस के सामने एक बाइक आ गई थी, जिसे बचाने के चक्कर में बस चालक नियंत्रण खो बैठा
- मौके पर मौजूद लोगों ने शीशे तोड़कर काफी मशक्कत के बाद बच्चों को बस से बाहर निकाला
- 40 छात्र-छात्राएं बस में सवार थे, चंदवाजी के नजदीक सालड़वास में दुर्घटना हुई

**मानपुरा माचेड़ी/चंदवाजी,** (निसं)। चंदवाजी के पास सालड़वास में शुक्रवार सुबह एक बाल वाहिनी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक दर्जन से अधिक विद्यार्थी घायल हो गए, जिन्हें चंदवाजी के पास स्थित निम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जानकारी के अनुसार बस चंदवाजी स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल की थी, जो बच्चो को लेकर चंदवाजी आ रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदवाजी के सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल की एक बस छात्र छात्राओं को लेकर स्कूल आ रही थी कि सालडवास के पास एक बाइक चालक बस के सामने आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में बस चालक रमेश कुमार शर्मा नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। हादसे के वक्त बस में 40 से ज्यादा विद्यार्थी सवार बताए जा रहे हैं। बस के पलटते ही चीख पुकार मच गई। तभी आसपास मौजूद लोग बच्चों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने कांच के शीशे तोड़कर काफी मशक्कत के बाद बच्चों को बस से बाहर निकाला। स्कूल बस के पलटने की सूचना पर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन बच्चो का हालचाल जानने के लिए दौड़े चले आए। कुछ ही देर में मौके पर लोगो के साथ-साथ परिजनों की भीड़ जुट गई।

दुर्घटना में बस में सवार नीरज मीणा (15), दिनेश मीणा (10), अल्फ़ीजा (8) सहित मनीष, आशीष, संजू, अमित, टनी, साहिल, रजनी घायल हो गए जिन्हें निम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दो तीन अन्य बच्चों को भी चोटे आई।

# बदमाशों ने स्टोन क्रशर पर फायरिंग की

- लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए राड से गेट तोड़ दिया, फरार हुये

**खेतडी,** (निसं)। बबाई थाना क्षेत्र के प्रतापपुरा के पास एक स्टोन क्रशर पर बदमाशों द्वारा फायरिंग करने की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के दौरान दो बाइक पर पांच बदमाश सवार होकर आए थे, जिन्होंने लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए लोहे की राड से गेट तोड़ दिया, लेकिन लूट की वारदात करने में असफल होने पर फायरिंग कर फरार हो गए। घटना देर रात की पारस स्टोन क्रशर की बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि बबाई थाना क्षेत्र के प्रतापपुरा पंचायत में पारस स्टोन क्रशर का संचालन किया जाता है। सुबह करीब तीन बजे दो बाइकों पर पांच नकाबपोश युवक सवार होकर आए। इस दौरान एक युवक बाइक पर बैठा रहा तथा चार पिस्टल व लोहे की राड लहराते हुए क्रशर के आफिस पर आ गए। बदमाशों ने आते ही हवाई फायर कर दिया। इसके बाद कार्यालय का गेट अंदर से बंद होने के कारण उन्होंने लोहे की राड से गेट को तोड़ने का प्रयास किया तथा गेट टूटने पर कार्यालय में घुस गए। इस दौरान वहां कुछ लूट कर ले जाने में कामयाब नहीं होने पर आरोपी जाते समय हवाई फायर कर बाइक पर बैठकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर बबाई, खेतड़ी व मेहाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इस दौरान क्रशर पर वारदात से पहले बाइक सवार बदमाशों ने रात करीब दस बजे नाथा का नांगल में भी वारदात करने की बात सामने आई हैं। इसके बाद वह पारस स्टोन क्रशर पर आए थे। घटना पर पिस्टल की गोली का एक खोल भी बरामद हुआ है। घटना की सूचना पर डीएसपी जुल्फीकार अली भी मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी जुटाई।

थानाधिकारी ने बताया कि बाइक सवार बदमाशों ने क्रैसर पर फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमों का गठन कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई है।

# युवक की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ खाली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में हुई मूलतःउत्तरप्रदेश के निवासी युवक की हत्या के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली है। इस बीच, शुक्रवार को पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया है।

जानकारी के अनुसार, हमीरगढ़ स्थित बनास नदी की पुरानी पुलिया के नीचे गुरुवार को एक युवक की खूनसनी लाश मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, जिसकी पहचान बाद में प्रदीप (28) पुत्र चंद्रभान पांडे के रूप में हुई। प्रदीप, उत्तरप्रदेश के अमेठी जिले के आबू थाना क्षेत्र के चौरावनपुरा का रहने वाला था। मृतक की पत्नी साजो ने उसकी शिनाख्त करते हुए बताया कि अभी कान्याखेड़ी चौराहा क्षेत्र में दोनों रहते थे और नितिन स्पीनर्स में वह काम करता था। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि प्रदीप 6 नवंबर को घर से निकला था, जो लौटकर घर नहीं आया। वह घर से निकलने के बाद कब किसके साथ कहां गया, इसकी जानकारी उसकी पत्नी को नहीं है। पत्नी साजो ने बताया कि पति प्रदीप की 5-10 दिन से तबीयत ठीक नहीं थी। ऐसे में वह फैक्ट्री नहीं जाकर घर पर ही था। हत्या की सूचना हमीरगढ़ पुलिस के जरिए परिजन को मिली तो वह यूपी से भीलवाड़ा पहुंचे हैं।

# युवक और युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

- दोनों युवक-युवती आपस में मित्र थे और काफी समय से एक-दूसरे के संपर्क में थे
- पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है और दोनों के परिजनों से भी संपर्क किया
- पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया

**कूकस,** (निसं)। गोल्डन पैलेस के सामने स्थित एक फार्म में एक युवक और युवती ने एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को तुरंत सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। फिलहाल, पुलिस द्वारा युवक और युवती की पहचान की जा चुकी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों युवक-युवती आपस में मित्र थे और काफी समय से एक-दूसरे के संपर्क में थे। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी कारणवश दोनों ने यह कठोर कदम उठाया है। हालांकि, अभी तक उनके इस आत्मघाती कदम के पीछे का असल कारण साफ नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है और दोनों के परिजनों से भी संपर्क साधा गया है, ताकि मामले में कोई ठोस जानकारी मिल सके। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारण का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल पाया है। पुलिस के अनुसार, ऐसे मामलों में पारिवारिक या सामाजिक दबाव, प्रेम संबंधों में समस्याएँ, मानसिक तनाव आदि कारण हो सकते हैं, लेकिन तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता जब तक पूरी जांच नहीं हो जाती। इस घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। लोगों में इस दुखद घटना को लेकर गहरी संवेदनाएं हैं। स्थानीय निवासी इस प्रकार की घटनाओं के प्रति गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं और चाहते हैं कि ऐसे मामलों को रोकने के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाई जाए। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, ताकि सबूतों की बारीकी से जांच की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्दी ही पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# हाईकोर्ट ने आसाराम को अस्पताल में भर्ती रहने की अनुमति दी

**जोधपुर,** (कासं)। नाबालिग से यौन शोषण के प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे आसाराम बापू की स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने उन्हें अधिकतम 30 दिन तक जोधपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती रहने की अनुमति दी है।

न्यायाधीश दिनेश मेहता व न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ में आसाराम बापू की ओर से अधिवक्ता आरएस सलूजा ने कहा कि आसाराम की स्वास्थ्य स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और उन्हें लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रखने की जरूरत है। उन्होंने आग्रह किया कि पहले दिए गए आदेश में संशोधन कर उन्हें आवश्यकतानुसार अस्पताल में रहने की अनुमति दी जाए। सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपक चौधरी ने कहा कि अस्पताल में भर्ती की अवधि अनिश्चित नहीं होनी चाहिए और इसे अधिकतम 30 दिन तक सीमित किया जाए।

खंडपीठ ने सुझाव स्वीकार करते हुए आदेश दिया कि आसाराम बापू को 30 दिन तक अस्पताल में भर्ती किया जा सकता है, जिसके बाद उन्हें फिर से जेल में भेजा जाएगा।

# अनिता हत्याकाण्ड : आरोपी बार-बार बदल रहा बयान

**जोधपुर,** (कासं)। शहर का बहुचर्चित अनिता चौधरी हत्याकाण्ड अब परतें खुलने के निकट पहुंच गया है। हत्या का आरोपी गुलामुद्दीन को देर रात पुलिस ने मुंबई के वर्ली से दस्तयाब कर लिया। उसे शाम शाम के बाद पुलिस जोधपुर लेकर पहुंची है। इधर वहां पर पुलिस द्वारा की जा रही आरंभिक पूछताछ में पता लगा कि वह बार- बार बयान बदल रहा है। अपनी पत्नी को इसमें बेकसूर बताने के साथ उसे केवल पानी निकासी के लिए गड्ढा खोदने की तक की जानकारी होना बता रहा। हत्या में एक और व्यक्ति के शामिल होने की बात भी कह रहा है। इसके अलावा उसने मृतका और बिल्डर तैयब अंसारी के बीच में एक साल से विवाद होने की जानकारी दी है। मगर पुलिस को उसके बयानों पर विश्वास नहीं हो रहा है। तैयब अंसारी को सरदारपुरा पुलिस एक बार फिर शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया है। संभवतः दोनों को आमने सामने बिठाकर भी पूछताछ होगी। फिलहाल उसकी गिरफ्तारी दर्शा कर पुलिस कोर्ट में पेश कर अभिरक्षा में लेगी।

इधर एसीपी पश्चिम छवि शर्मा आज सुबह पुलिस टीम के साथ में बोरानाडा क्षेत्र के गांगाणा गांव पहुंची जहां पर अनिता चौधरी का शव गड्ढे से बरामद किया गया था, उसका फिर से बारिकी से निरीक्षण करने के साथ कोई साक्ष्य नहीं छूटे इसके लिए पड़ताल की।

सर्व समाज और जाट समाज की तरफ से भी नई सडक़ पर इस हत्याकांड को लेकर सांकेतिक धरना दिया गया है। मगर धरनास्थल पर मृतका अनिता चौधरी के पति मनमोहन और उसका पुत्र नहीं देखा गया। जाट समाज नेता शारदा चौधरी के नेतृत्व में धरना दिया जा रहा है। गुलामुद्दीन की गिरफ्तारी के साथ ही कुछ और नेता भी धरना स्थल पर नजर नहीं आए है। इसके अलावा यह भी कयास लगाया जा रहा है, मृतका अनिता चौधरी के परिजन नागौर खिंवसर गए होंगे।

हत्या का आरोपी जोधपुर लाए जाने के बाद सिलसिलेवार हो रही पूछताछ में कई बड़े नामों का भी खुलासा होने की संभावना है। फिलहाल यह कहा जा सकता है कि इस मर्डर काण्ड में मास्टर माइंड कोई और हो सकता है। गुलामुद्दीन को मोहरा बनाया गया है। मृतका अनिता चौधरी की सहेली सुमन भी पुलिस अभिरक्षा में है। उसकी हत्याकांड में कोई भूमिका हो इस बारे में फिलहाल पुलिस कुछ बताने से इंकार कर रही है।

इधर, गुलामुद्दीन के पकड़ में आने के बाद पुलिस ने एक बार फिर से कई लोगों को हिरासत में ले लिया है।

# सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होने के मामले में तीन गिरफ्तार



राजसमंद के कांकरोली थाना पुलिस ने पिस्टल को साथ रख बनाये वीडियो के वायरल करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- सोशल मीडिया पर 6 माह पूर्व पिस्टल को साथ रख बनाया था वीडियो
- आरोपियों के अनुसार वीडियो में दिख रही पिस्टल प्लास्टिक की न होकर नकली है, जिसे वीडियो बनाने के बाद फेंक दिया था

**राजसमंद,** (निसं)। कांकरोली थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर करीब छह माह पूर्व पिस्टल को साथ रख बनाये वीडियो के वायरल होने पर तीन जनों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के अनुसार वीडियो में दिख रही पिस्टल प्लास्टिक की न होकर नकली है, जिसे वीडियो बनाने के बाद फेंक दिया था। यह वीडियो किसी मिलने वाले ने सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया है। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए इन तीनों जनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी हनवंत सिंह सोढा ने बताया कि एक न्यूज चैनल में चली न्यूज में फायरिंग की घटना को लेकर न्यूज में वायरल वीडियो को आम लोगों में भय तथा दहशात का माहौल था। लोगों ने बताया कि न्यूज में वायरल वीडियो की घटना को लेकर तीन-चार व्यक्तियों ने अपने हाथ में धारदार हथियार व पिस्टलनुमा हथियार का फोटो शूट कर अपलोड किये हैं। साथ ही वह अन्य लोगों को भी फोटो शूट करने के लिए उकसाते हैं। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए एसपी मनीष त्रिपाठी के आदेशानुसार एएसपी महेन्द्र पारीक व डीएसपी विवेकसिंह के निर्देशानुसार टीम बनाई जाकर इन व्यक्तियों की तलाश शुरू की गई तथा वायरल वीडियो के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई तो इस वायरल वीडियो के वाहन में पीछे बैठे निखिल जोशी व ललित रेगर द्वारा यह वीडियो बनाना ज्ञात हुआ।

आगे जिशान मोहम्मद का होना बताया। जिस पर इन तीनों व्यक्तियों की तलाश कर यह वीडियो वायरल करने के बारे में पूछताछ की गई तो निखिल (19) पुत्र विनोद जोशी निवासी एलआईसी ऑफिस के पास किशोर नगर मण्डा कांकरोली, ललित (20) पुत्र नारायण रेगर निवासी बाण्डियावाला के पास कांकरोली व जिशान मोहम्मद (20) पुत्र मुस्ताक मोहम्मद निवासी जलचक्की आजाद नगर कांकरोली ने बताया कि ये पोस्ट 5-6 महीने पहले की है। वीडियो में दिख रही पिस्टल प्लास्टिक की होकर नकली है, जिसे वीडियो बनाने के बाद फेंक दिया था। यह वीडियो किसी मिलने वाले ने सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया है। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए इन तीनों जनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# खैरथल मंडी में 50 हजार से अधिक प्याज के कट्टों की आवक


## खैरथल मंडी में प्याज का भाव 40 से 45 रुपए प्रति किलो रहा

- इस बार लाल प्याज की पैदावार करने वाले किसानों के घर पर खुशी का माहौल
- एक बीघा जमीन की पैदावार में डेढ़ से दो लाख का किसान को प्याज से मुनाफा

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। इस बार लाल प्याज की पैदावार करने वाले किसानों के घर पर खुशी का माहौल है। प्याज की फसल की अच्छी पैदावार और मंडी में ऊंचे दाम पर बिकने से किसान के घर में हर किसी के चेहरे खुशी से खिले हुए हैं।

किसान बताते हैं कि लाल प्याज जितनी लजीज और स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाती है तो कभी-कभी इतनी तीखी भी होती है कि आंखों से आंसू निकाल देती है। यहां का किसान प्याज की फसल को एक जुआ मानकर लगाता है। क्योंकि प्याज की फसल जितना किसान को बर्बाद करती है तो किसान को मुनाफा भी इतना मोटा देती है कि मालामाल कर देती है। प्याज की ऐसी फसल है जो किसान को उसकी लागत का 10 गुना मुनाफा तक कभी कभी दे देती और जब नुकसान देती है तो घर के गहने तक बिकवा देती है। एक बार प्याज के दाम बहुत बढ़ गए थे तो दिल्ली में सरकार गिर गई थी। तब से प्याज के मुद्दे पर हर सरकार सतर्क बनी रहती है। गरीब की जिंदगी में प्याज की बड़ी अहमियत है। वह नमक और प्याज के साथ सूखी रोटी खा लेता है। प्याज के छोंक के बिना सब्जी में स्वाद ही नहीं आता है आदमी कितनी भी कड़की में हो उसे दाल में प्याज का तड़का चाहिए। गरीब से लेकर धनवान कमजोर से लेकर पहलवान सभी को प्याज पसंद है।

अलवर खैरथल तिजारा जिले की खैरथल के नाम से विदेश तक मशहूर लाल प्याज की सबसे पहले क्षेत्र में पैदावार लगाने वाले किशनगढ़ बास क्षेत्र के मोठूका निवासी 85 साल के किसान



खैरथल मंडी में किसानों के खड़े प्याज के कट्टों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली।

पूर्व सरपंच कल्लू मल लखयाणी बताते हैं कि वह जब पाकिस्तान से मोठूका आए तो सबसे पहले प्याज की फसल की बुवाई करना उन्होंने शुरू किया। उस दौरान प्याज की फसल तैयार करने के लिए बीज महुआ तलाजा नासिक से लाना पड़ता था। धीरे-धीरे प्याज की बुवाई को लेकर किसानों में जागृति आई तो नासिक महुआ से प्याज का बीज लाकर खैरथल किशनगढ़ बास में बीज का व्यापार शुरू हुआ और धीरे-धीरे यहां से बीज हरियाणा भरतपुर तक जाने लगा। अब कुछ वर्षों से यहां के किसान खुद प्याज का बीज यही पर तैयार कर बेचने लगे हैं। पूर्व सरपंच बताते हैं कि पहले किसानों को खेत से प्याज को निकालकर दिल्ली की मंडी में बेचने के लिए लेकर जाते थे अब दिल्ली के व्यापारी यहीं पर किसानों का प्याज खरीदने के लिए आने लगे हैं। इससे किसानों का खर्चा और समय दोनों की बचत होने लगी है।

किशनगढ़ बास के युवा किसान रवि मेहता बताते हैं कि इस बार किसानों ने 2 से 5 हजार रुपए मण बीज खरीद कर खेत में लगाए। बिजली पानी दवा व मजदूरी आदि का खर्चा मिलाकर एक बीघा जमीन में करीब 30 से 40 हजार रुपए का खर्चा आता है और 1 बीघा में करीब डेढ़ से दो लाख रुपए के प्याज की पैदावार हुई है।

प्याज बीज व्यापारी कारा हरवानी बताते हैं कि जब से देसी बीज किसान तैयार करने लगे हैं तब से महुआ नासिक बी की बिक्री कम हुई है। वही महुआ नासिक के बीच से देसी बीज के दाम भी दुगने रहे हैं। क्षेत्र में प्याज की पैदावार करने वाले किसानों में देसी प्याज बीज की मांग बढ़ने लगी है। इस बार महुआ नासिक से आया बीज 2 से ढाई हजार रुपए मण बिक्री हुआ तो देसी बीज 4 से 5 हजार रुपए तक बिका था। शुक्रवार को खैरथल मंडी में प्याज का भाव 40 से 45 रुपए किलो रहा। अभी तक सबसे महंगे दाम 50 से 55 रुपए रहे हैं। शुक्रवार को प्याज मंडी में 50 हजार से अधिक प्याज कट्टों की आवक हुई। इससे ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ गई। खैरथल प्याज मंडी में हो रही आवक अलवर प्याज मंडी से भी अधिक बताई गई है।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि देर रात से ही किसान अस्थाई प्याज मंडी में अपनी फसल को बेचने के लिए आ रहे हैं। प्याज की अच्छी आवक होने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हुई है। पुलिस अधीक्षक खैरथल की सहायता से व्यवस्थित तरीके से वाहनों के आगमन एवं जाम की समस्या से बचने हेतु एसएचओ एंव 15 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

मंडी सेक्रेटरी सुरेंद्र सैनी ने बताया वर्ष 2021-22से प्याज का व्यवसाय मुख्य मण्डी यार्ड में रिक्त भूमि पर अस्थाई रूप से प्याज के व्यापारियों को स्थान उपलब्ध कराया जाकर किया जा रहा है। व्यापारियों से 1 प्रतिशत की दर से कृषक कल्याण शुल्क वसूल किया जा रहा है। तीन वर्षों में वर्ष 2021-22 राशि रु 15.38 लाख, वर्ष 2022-23 राशि रू. 17.00 लाख, वर्ष 2023-24 राशि रु. 71.00 लाख कृषक कल्याण शुल्क से आय प्राप्त हुई है।